उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना / विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

### अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डी0वी0 / पी0एस0टी0) के प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने हेतु महत्वपूर्ण सूचना।

संख्याःपीआरपीबी–बी (आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग) 07 / 2025 दिनांकःअगस्त 10 ,2026

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत 32679 पदों को भरे जाने हेतु समांक विज्ञप्ति दिनांकित 31–07–2026 की चयन प्रकिया के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही प्रदेश के 75 जनपदों में **दिनांक 17–08–2026** से प्रारम्भ हो रही है।

2– उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि उनकी अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण के प्रवेश पत्र का लिंक बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर **दिनांक 10–08–2026** को अपलोड किया जायेगा। अभ्यर्थीगण उक्त लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन संख्या एवं जन्मतिथि की सहायता से लॉगिन करके अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थी **प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर प्रवेश पत्र में उल्लिखित सम्बन्धित मूल अभिलेखों तथा मूल अभिलेखों की एक स्व प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।**

3– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

10/08/26

पुलिस उपमहानिरीक्षक / अपर सचिव (भर्ती),
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना / विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

**आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना।**

संख्याःपीआरपीबी–बी (आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग) 07 / 2025 दिनांकःअगस्त 10 ,2026

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत अभिलेखों की सवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी / पीएसटी) में अर्ह अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही प्रदेश के 75 जनपदों मे दिनाक 17–08–2026 से प्रारम्भ हो रही है।

2– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अभ्यर्थियों को निर्गत प्रवेश पत्र में अन्य अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र की प्रति डीवी / पीएसटी परीक्षा स्थल पर लाये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र की प्रति उनके पास उपलब्ध न होने के सम्बन्ध से बोर्ड को अवगत कराया जा रहा है।

3– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड किये जाने का लिंक बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर दिनांक 10–08–2026 को उपलब्ध कराया जा रहा है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र की प्रति उक्त लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं

4– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त किये जायेंगे।

पुलिस उपमहानिरीक्षक / अपर सचिव (भर्ती),
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।